14/7/21

अभिलेख उपस्थापित। अंचल अधिकारी - कटकमदाग के पत्रांक 845 दिनांक 12/3/19 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन एवं [illegible] को तालिका प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। आदेश हेतु

[signature] 14/7/21

16/7/21

-: आदेश :-

मसो0 शांति देवी, पति-स्व0 केसर मल्लाह ग्राम-बड़ी बाजार मल्लाह टोली, थाना-सदर जिला-हजारीबाग से प्राप्त आवेदन-पत्र एवं अंचल अधिकारी, कटकमदाग हजारीबाग द्वारा समर्पित प्रतिवेदन का अवलोकन किया। उक्त अनुसार अंचल-कटकमदाग ग्राम-खपरियावां, थाना संख्या-119, खाता संख्या-272 प्लॉट संख्या-414 रकवा-3.55 डी0 भूमि बकास्त खाते की है। आवेदिका के पति केशर मल्लाह को केवाला से हासिल है। प्रस्तावित भूमि का जमाबंदी आवेदिका के पति के नाम से कायम है। आवेदिका स्वयं जमाबंदी रैयत नहीं है। साथ ही साथ जिला अभिलेखागार हजारीबाग में भी खतियान जीर्ण-शीर्ण है। फलस्वरूप भूमि की किस्म की स्पष्ट जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। साथ ही भूमि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46 से अच्छादित है अथवा नहीं स्पष्ट नहीं हो पाता है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में मसो0 शांति देवी, पति-स्व0 केसर मल्लाह ग्राम-बड़ी बाजार मल्लाह टोली, थाना-सदर जिला-हजारीबाग से प्राप्त आवेदन को निरस्त किया जाता है।

तदानुसार अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

[signature] 16/7/21

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RANJEET KUMAR LAL
Date: 2021.08.17 13:22:23 +05:30
Location: 192.168.43.214